बीकानेर एसपी ऑफिस के सामने युवक ने पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगाई

युवक एसपी ऑफिस से चिल्लाते हुए निकला और पेट्रोल छिड़क लिया, 80 प्रतिशत झुलसा

बीकानेर, (निसं)। एसपी ऑफिस के सामने युवक ने पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग लगा ली। यह देख वहां मौजूद लोग घबरा गए। लपटों से घिरे युवक को पुलिस कर्मियों ने दौड़कर बचाया और आग बुझाकर हॉस्पिटल भिजवाया। युवक को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि युवक 80 प्रतिशत तक झुलस गया है।

- **लपटों से घिरे युवक को पुलिस कर्मियों ने बचाया और आग बुझाकर हॉस्पिटल भिजवाया, उपचार जारी**
- **प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि युवक को कोई व्यक्ति परेशान कर रहा था, इसको लेकर वह एसपी ऑफिस में ज्ञापन देने गया था**
- **आग लगने के बाद सारे डॉक्यूमेंट्स जल गए, सिर्फ एक कागज पुलिस को मिला, बताया जा रहा है कि ये वो ही परिवाद है, जो एसपी को देना चाहता था**

मामला शुक्रवार दोपहर तीन बजे का है। आत्मदाह का प्रयास करने वाले युवक की पहचान 4 बीजीएम भागू गांव निवासी रामलाल के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि रामलाल को कोई व्यक्ति परेशान कर रहा था। इसको लेकर वह एसपी ऑफिस में ज्ञापन देने गया था। लेकिन वहां खड़े पुलिसकर्मियों ने उसे वहां से हटा दिया। इसके बाद वह एसपी ऑफिस से थोड़ा आगे निकलकर पेट्रोल छिड़क खुद को आग लगा दी। रामलाल के पास पहले से ही पेट्रोल की बोतल थी।

कोतवाली थाने के एएसआई तनेराव सिंह ने बताया कि युवक ने पेट्रोल डालकर आग लगाई है। 80 प्रतिशत तक वह झुलस गया। अभी वह बयान देने की हालत में नहीं है। जानकारी के अनुसार खाजूवाला क्षेत्र के 4 बीजीएम भागू गांव निवासी रामलाल शुक्रवार को एसपी ऑफिस आया था। कुछ देर बाद वो वहां से चिल्लाते हुए आया और खुद पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा ली। अचानक हुई इस घटना से वहां मौजूद लोग घबरा गए। आग की लपटों से घिरे रामलाल को देख पुलिसकर्मी बचाने दौड़े। पुलिस ने आग बुझाकर रामलाल को पीबीएम हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां ट्रॉमा सेंटर उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद फोरेंसिक और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। युवक के पास डॉक्यूमेंट्स और एक मोबाइल था। आग लगने के बाद सारे डॉक्यूमेंट्स जल गए, सिर्फ एक कागज पुलिस को मिला है। बताया जा रहा है कि ये वो ही परिवाद है, जो एसपी को देना चाहता था। परिवाद को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। घटनाक्रम को लेकर एसपी कावेंद्र सिंह सागर से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

अवैध गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। कोटडा थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले को लेकर पकड़े गये आरोपी से पूछताछ कर रही है।

महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गोरव श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालस्वरूप मेवाड़, पुलिस उप अधीक्षक डूंगरसिंह चुण्डावत के सुपरविजन में कोटडा थानाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए एनटीएफ के सहयोग से आरोपी शाहिद उर्फ सईद मो. पुत्र रफीक मो. निवासी शीतला माता मंदिर कोटडा उदयपुर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 5.100 किलोग्रम अवैध गांजा बरामद कर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने आगे की जांच शुरु कर दी है।

कोर्ट मैरिज के बाद दंपती ने पुलिस सुरक्षा मांगी

टोंक, (निसं)। तीन साल पहले कोर्ट मैरिज करने वाले एक दंपती ने शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की गुहार लगाई है। दंपती का आरोप है कि शादी के बाद से ही उनके परिजन लगातार धमकियां दे रहे हैं और गांव में जाने पर जान से मारने की बात कह रहे हैं। हाल ही में युवक के अपहरण कर मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया है।

- **दंपती का आरोप है कि शादी के बाद से ही उनके परिजन लगातार धमकियां दे रहे हैं**

पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में महिला ने बताया कि वर्ष 2023 में उसने अपने ही क्षेत्र के एक युवक के साथ कोर्ट मैरिज की थी, शादी के बाद से दोनों परिवारों की नाराजगी के चलते उन्हें लगातार मोबाइल पर धमकियां मिलती रही है कि यदि वे गांव में दिखाई दिए तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। धमकियों के डर से दोनों पति-पत्नी फिलहाल कस्बे में किराए के कमरे में रह रहे हैं। दंपती का एक करीब आठ माह का बच्चा भी है। उनका कहना है कि वे सामान्य जीवन जीना चाहते हैं, लेकिन परिजनों की धमकियों के कारण लगातार भय का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद मारपीट की शिकायत स्थानीय थाने में दी गई, लेकिन दंपती का कहना है कि अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी कारण उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मिलकर सुरक्षा देने और मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DISTT DN KOTA

क्रमांक-2032 दिनांक-06/03/2026

Notice Inviting Bid
(NIT No. 38/2025-26)

Bids for 6 no work at Kota are Invitied from interested bidders upto 06.00 PM of 18.03.2026 (Wednesday). Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajasthan State. The approximate value of the procurement is Rs. 271.86 Lacs.
UBN No.- 1. PWD2526WSOB25107, 2. PWD2526WSOB25108, 3. PWD2526WSOB25109, 4. PWD2526WSOB25110, 5. PWD2526WSOB25111, 6. PWD2526WSOB25112, 7. PWD2526WSOB25113

(अशोक कुमार महावर) अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि.जिला खण्ड कोटा, मो.नं. 98291-28359

DIPR/C/5181/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता
सा0 नि0 वि0 खण्ड नाथद्वारा जिला राजसमन्द राजस्थान

क्रमांक : 61 दिनांक : 06.03.2026

निविदा सूचना संख्या - 24 / 2025-26
NIB:- PWD2526A6041

विवरण निर्माण कार्य हेतु ईच्छुक संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में अन्य विवरण उपापन वेबसाईट और ("http://www.eproc.rajasthan.gov.in और http://www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकता है। उपापन की कुल अनुमानित राशि 154.24 लाख रुपया है।

S. No. of Work	UBN No
	PWD2526 WS0B25211

(भानु प्रकाश माथुर)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड नाथद्वारा

DIPR/C/5144/2026

राजस्थान-सरकार
कार्यालय प्रधानाचार्य,
सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर

मेडिकल कॉलेज रोड, बीकानेर, फोन-3340011 0151-2226300 principal.spmc.bknr@rajasthan.gov.in
क्रमांक:- प.(क्रयअनुभाग) सपआम /BID/2025-26/1818 दिनांक :- 07-03-2026

ई-बोली संख्या 19 (2025-26)
E-NIB No.19/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय इस महाविद्यालय के नेत्र रोग विभाग में भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित National Program For Controlling Blindness हेतु आवश्यक उपकरण की आपूर्ति व स्थापना हेतु ई-बोली (द्वि भाग बोली) आंमत्रण सूचना जारी की जाती है। जिसमें इच्छुक बोलीदाता द्वारा ई-प्रोक के माध्यम से बिड डॉक्यूमेन्ट एवं अन्य दस्तावेज डाउनलोड कर ई-बोली के दस्तावेजों अनुसार ऑनलाईन अपलोड कर ई-बोली में भाग ले सकते है। बोली से संबधित विस्तृत विवरण DIPR की वेब साईट dipr.rajasthan.gov.in sppp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय वेब साईट एवं नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।
UBIN No.- 1. MCB2526GLOB00340, 2. MCB2526GLOB00341

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक
सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर

DIPR/C/5166/2026

25 किलो डोडा-चूरा के साथ तस्कर को पकड़ा

अजमेर, (निसं)। जीआरपी थाना अजमेर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25.564 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 3 लाख 83 हजार 460 रुपये बताई जा रही है।

मामले के अनुसार जीआरपी थाना अजमेर के थानाधिकारी फूलचंद बालोटिया के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन अजमेर पर प्रभावी गश्त और चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्लेटफार्म नंबर 1 के पास पानी की टंकी के पास एक संदिग्ध युवक सामान बैग और पीठू बैग के साथ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक घबरा गया, जिसके कारण उस पर संदेह हुआ। पुलिस द्वारा युवक के बैग की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 25.564 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त कर लिया। इस मामले के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान डोडा-चूरा की खरीद-फरोख्त और तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियों की भी तलाश की जाएगी।

- **रेलवे स्टेशन अजमेर पर चेकिंग के दौरान जीआरपी पुलिस ने कार्रवाई की**

शादी में जेवर से भरा बैग चोरी

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान अज्ञात चोर जेवरात से भरा बैग चुरा ले गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कालका माता रोड़ माधव कॉलोनी निवासी नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र हनुमान प्रसाद शर्मा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 11 मार्च सायं मेरे पुत्र का शादी समारोह महाप्रज्ञ विहार में स्थित तेरापंथ भवन में आयोजित किया जा रहा था, जहां फोटोग्राफी करते समय बैग नीचे रखा था, जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। बैक में सोने चांदी के जेवरात थे जिसकी सूची बाद में देने की रिपोर्ट देकर प्रकरण दर्ज करवाया, जिसकी जांच हैड कांस्टेबल श्रवण कुमार कर रहे हैं।

कोटा में 32 किलो अफीम बरामद, तीन जने गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) चित्तौड़गढ़ सेल, चित्तौड़गढ़ डिवीजन 1 और 3 के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने गांव देवरिया, तहसील कपासन, जिला चित्तौड़गढ़ में एक घर पर छापा मारकर 32.910 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की एवं तीन जनों को गिरफ्तार किया। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि गांव देवरिया में एक घर में अवैध मादक पदार्थ अफीम रखी हुई है। उक्त सूचना पर एक संयुक्त टीम गठित की गई और टीम को मौके पर भेजा गया। गठित टीम को तलाशी के दौरान, अवैध अफीम से भरे छह कंटेनर मिले। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि घर में मौजूद महिला ने अफीम को बिखेरने की कोशिश की, लेकिन सीबीएन अधिकारियों ने उसे रोक दिया।

पूछताछ करने पर महिला ने बताया कि उसने और उसके पति ने किसी दूसरे गांव के लोगों से अफीम के दो लाइसेंस खरीदे थे और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके उन्हें गांव देवरिया में ट्रांसफर करवा लिया था। उसने आगे बताया कि अफीम के उन लाइसेंसों से जुड़ा सारा काम वह और उसका पति ही संभालते हैं और जो अवैध अफीम मिली है, वह उन्हीं लाइसेंसों से संबंधित है। उसने यह भी बताया कि उन्होंने अफीम के भंडारण के संबंध में एक कियानामा (रेंट एग्रीमेंट) भी तैयार कर रखा था। उसने यह भी कहा कि उन्होंने असली काश्तकारों का रिश्तेदार होने का नाटक किया था और फॉर्म (अफीम की खेती के आवेदन पत्र) में खुद को बेटे और बेटी के रूप में नॉमिनी घोषित कर दिया था। आगे की पूछताछ के लिए, गांव देवरिया (भाग-।) के अफीम लंबरदार को उनके पास मौजूद दैनिक वजन रजिस्टर के साथ बुलाया गया।

ड्रोन की मदद से टोंक में पत्थर खनन माफिया पर कार्रवाई

पुलिस टीमों ने 11 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

टोंक, (निसं)। मुख्यालय स्थित पक्का बंधा वन क्षेत्र में डीएसटी व तीन थाना पुलिस की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई कर ड्रोन की मदद से पत्थर माफिया पर छापामार एक्शन किया। कार्रवाई के बाद पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। कार्रवाई की सूचना के बाद माफियाओं में हड़कंप मच गया, जिसके बाद पुलिस ने ड्रोन का सहारा लेकर लोड ट्रैक्टर ट्रॉलियों का पीछा किया और पतथर से भरी हुई 11 गाड़ियां जब्त की गई है। कई ट्रॉलियां माफिया ने छुपा दी थी, जिनका ड्रोन से पता लगा लिया गया, खनन के अवैध काम में लगे तीन आरोपियों को पकड़ लिया गया।

- **कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां माफिया ने छुपा दी थी, जिनका ड्रोन से पता लगाया गया**
- **कई खनन माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़कर पहाड़ी पर बने रास्तों से फरार हो गए**

यह कार्रवाई डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम के साथ कोतवाली, सदर और पुरानी टोंक थाना पुलिस ने की। मौके पर सशस्त्र पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। कार्रवाई के दौरान टीम ने सबसे पहले लोकेशन को ट्रैस किया, इसके बाद अवैध खनन की जगह से निकलने वाले सारे रास्तों को सील कर पुलिस टीमों ने एक साथ कार्रवाई की। पुलिस टीमों को देख पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़कर चालक फरार हो गये एवं इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट भी गई। हालांकि किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। ड्रोन के जरिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का पीछा किया गया और 11 ट्रॉलियों को जब्त कर लिया गया। दो बाइक भी बरामद की हैं। इस दौरान खनन कई खनन माफिया ट्रैक्टर ट्रॉलियों को छोड़कर पहाड़ी पर बने रास्तों से फरार हो गए, टीम ने तीन खनन माफिया को पीछा कर दबोच लिया। खनन माफिया ने पत्थरों से भरी ट्रैक्टर ट्रोलियों को मौके पर ही खाली कर फरार होने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। टीम ने बताया कि जहां अवैध खनन किया जा रहा था, वह अरावली पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है, जहां खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। कड़ी निगरानी नहीं होने से धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा था।

अवैध बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त :-पुलिस थाना दूनी द्वारा अवैध बजरी खनन करने वाले एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मय अवैध बजरी जब्त की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेन्द्र सिंह सोंलकी के निर्देशन में दूनी थानाधिकारी द्वारा गठित टीम ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को दूनी थाना क्षेत्र स्थित एन.एच.-52 बंथली कट से अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। इसी प्रकार घाड थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बनास नदी से अवैध बजरी भरकर ले जा रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया।इस दौरान चालक मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। फरार आरोपियों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

खाजूवाला बॉर्डर एरिया में दो संदिग्धों को पकड़ा

बीकानेर, (निसं)। बीएसएफ ने खाजूवाला बॉर्डर क्षेत्र में पंजाब के दो संदिग्ध लोगों को पकड़ा है। इनमें से एक ने बीएसएफ की वर्दी पहन रखी थी। दोनों ने पूछताछ में अपना नाम-पता पंजाब के फिरोजपुर निवासी सतनामसिंह जटसिख और दलजीतसिंह जटसिख बताया है। सतनामसिंह ने बीएसएफ की वर्दी पहन रखी थी। बीएसएफ ने दोनों संदिग्ध युवकों को पुलिस को सौंप दिया।

- **एक ने बीएसएफ की वर्दी पहन रखी थी, पूछताछ में पंजाब निवासी बताया**

बीएसएफ, पुलिस और खुफिया एजेंसियां यह जांच पड़ताल कर रही है कि दोनों संदिग्ध पंजाब से खाजूवाला बॉर्डर एरिया में किस मकसद से पहुंचे थे। पाकिस्तान से खाजूवाला बॉर्डर पर हेरोइन की तस्करी होती है। इसमें पंजाब के लोगों का कनेक्शन सामने भी आया है। इसे देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि युवक हेरोइन तस्करी से जुड़े हो सकते हैं। खाजूवाला थानाधिकारी प्रशिक्षु आरपीएस रोहित चौधरी ने बताया कि हमें पंजाब के दो संदिग्ध युवक बीएसएफ ने सुपुर्द किये हैं और अब दोनों संदिग्ध युवकों से पूछताछ की जा रही है।

पैसों का तकादा करने पर भतीजे ने चाचा को पीटा

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के उच्चैन थाना इलाके में एक भतीजे ने पैसों का तकादा करने पर अपने चाचा पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में चाचा के शरीर से उसका कान अलग हो गया, जिसे लेकर वह अस्पताल पहुंचा। फिलहाल पीड़ित को जयपुर रेफर कर दिया गया है। पीड़ित व्यक्ति ने अपने भतीजे और परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी है।

- **लाठी के हमले से शरीर से अलग हुआ कान**

पीड़ित बिहारी की पत्नी राजवंती निवासी कैमासी ने एफआईआर दर्ज करवाते हुए बताया कि हमारे भतीजे रामकिशन ने मेरे पति बिहारी से 4 साल पहले 1 लाख 55 हजार रुपये उधार लिए थे। उधार लिए रूपयों का गांव के प्रतिष्ठत लोगों के सामने लिखा पढ़ी करवाई थी। बिहारी ने कई बार रामकिशन से पैसे लौटाने को कहा लेकिन, रामकिशन ने पैसे नहीं लौटाए। तकादा करने पर करीब 2 महीने पहले रामकिशन ने सिर्फ 30 हजार रुपये बिहारी को लौटाए थे। बिहारी के बेटे राकेश की 4 दिन पहले अचानक तबियत ख़राब हो गई। जिसके बाद बिहारी ने रामकिशन से पैसे लौटाने का तकादा किया। घर में घुसकर किया लाठी-डंडों से हमला करने से नाराज होकर 12 मार्च को रामकिशन, उसका बेटा देवेंद्र, पत्नी कमला बिहारी के घर पहुंचे। सभी के हाथों में लाठी डंडे थे। घर आते ही रामकिशन और उसके परिजन बिहारी के परिजनों से गालियां देने लगे। तभी रामकिशन कर उसके बेटे ने बिहारी और उसकी पत्नी राजवंती के ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने बचाया बिहारी और राजवंती के शरीर पर कई चोटें आई। हमले से बिहारी का कान शरीर से अलग हो गया। बिहारी और राजवंती के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे, जिसके बाद उन्होंने दोनों को बचाया। रामकिशन ने बिहारी को पैसे लौटाने से मना कर दिया और झूठा मुकदमा करवाने की धमकी दी। उच्चैन थाना अधिकारी अवतार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तरफ से दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। बिहारी का इलाज जारी है।

चिकित्सालय में तोड़फोड़ व मारपीट : उदयपुर शहर के बड़गांव क्षेत्र में स्थित चिकित्सालय में युवक ने तोड़फोड़ कर कर्मचारियों के साथ मारपीट की। पीड़ित कौशाल शर्मा पुत्र डॉ. मेधावीलाल शर्मा निवासी सरस्वी नारायण हॉस्पीटल बड़गांव ने आरोपी अभिषेक जैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि 12 मार्च को आरोपी की बहन का उपचार कराने परिजन चिकित्सालय लेकर आए थे, जहां किसी बात को लेकर आरोपी ने चिकित्सालय में तोड़फोड़ की।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
नर्मदा नहर परियोजना खण्ड द्वितीय सांचौर

क्रमांक / लेखा / निविदा/2025-26/ दिनांक:-

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 06/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यो के लिये अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में राज्य सरकार के संशोधित आदेशों के अनुसार नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों / फर्मो से निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा में वर्णित 3 कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है। जल संसाधन विभाग राजस्थान सरकार में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो या के.लो.नि.वि.ए डाक, दूरसंचार, रेलवे में व अन्य राज्य सरकारो / केन्द्रीय सरकार के उपक्रमो / संगठनो के पास "अअ" एवं "अ" श्रेणी मे सूचिबद्ध संवेदक जो राजस्थान के पात्र श्रेणी के समतुल्य हो, भी कार्य के लिए निविदा हेतु विहित अग्रिम धनराशि देने के पश्चात पात्र है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दिनांक 12.03.2026 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 18.03.2026 सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड करके निविदा प्रपत्र दिनांक 12.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 18.03.2026 सांय 06.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड किये जा सकेगें। निविदा दिनांक 19.03.2026 को सांय 3 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यो की अनुमानित लागत, धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व कार्य पूर्ण करने की अवधि तथा अन्य शर्तें https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखें।
NIB: WRD2526A0791
1. WRD2526WSOB02805
2. WRD2526WSOB02806
3. WRD2526WSOB02807

(अनिल कुमार कैथल)
अधिशाषी अभियन्ता
नर्मदा नहर खण्ड द्वितीय, सांचौर

DIPR/C/5401/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग, खण्ड बाडी

NIB No.: 72/2025-26 Date: 09.03.2026

ई-निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू.एफ.एण्ड.ए.आर पार्टना अपेण्डिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रो (आज तक) के अनुरूप विभाग में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको / सप्लायर्स एवं निविदा प्रपत्र में बांछित योग्यता रखतें हो, से इस कार्यालय की निविदा सं0 72/2025-26 के लिये मौहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संख्या 72/2025-26 के निविदा प्रपत्र https://eproc.rajasthan.gov.in दिनांक 18.03.2026 को 06.00 पी.एम. तक डाउनलोड किए जा कर दिनांक 18.03.2026 को 06.00 पी.एम. तक ऑनलाइन जमा किए जाकर दिनांक 19.03.2026 को 03.00 पी.एम. पर प्री क्वालिफिकेशन बिड खोली जावेगी।

NIT No.	Name of work	Estimated Cost (Rs in Lacs)	Earnest Money in Rs. 2%	Earnest Money in Rs. 0.05%	Tender Fee (in Rs)	Period for completion
NIT 72/ 25-26	Work of Operation and Maintanance of 12 Nos. Completed JJM Scheme Under Div Bari	14.47	28940	7235	500.00	6 month
NIB No.:	PHE2526A7130					
UBN:	PHE2526WSOB15345					

Note: 1. If Holiday is declared on submission and/or opening date of tender the scheduled activity will take place on next working day/If Procuring entity is not present on the submission and opening date of tender the scheduled activity will take place on day on which procuriing
नोट- निविदा से संबंधित नियम एवं शर्ते, आदि कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

DIPR/C/5176/2026

सरकार पंचायत चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार : मंत्री जोगाराम पटेल

चुनाव 15 अप्रैल तक होने के सवाल पर मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि चुनाव 15 अप्रैल से पहले, उस दिन या उसके बाद भी हो सकते हैं

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पंचायत राज और नगरीय निकाय चुनावों को लेकर स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यदि कांग्रेस ओबीसी वर्ग को राजनीतिक आरक्षण दिए बिना चुनाव चाहती है, तो वह सार्वजनिक रूप से अपना स्टैंड क्लियर करे। यह बात उन्होंने यहां सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कही। विधानसभा सत्र के समापन के बाद जोधपुर पहुंचे मंत्री पटेल ने राइजिंग राजस्थान के एमओयू, विपक्ष की गुटबाजी, नदियों के प्रदूषण और शिक्षक भर्ती परिणामों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से बात रखी।

पंचायत चुनावों में हो रही देरी पर मंत्री पटेल ने बताया कि वर्ष 2021 और वर्ष 2022 में मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया था कि ओबीसी वर्ग को राजनीतिक आरक्षण देने के लिए ओबीसी कमीशन की त्रिस्तरीय जांच जरूरी है। पटेल ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बावजूद उन्होंने जानबूझकर ओबीसी कमीशन की नियुक्ति नहीं की। पटेल ने बताया कि मौजूदा सरकार ने मई 2025 में ओबीसी कमीशन बना दिया है और वह त्रिस्तरीय जांच कर रहा है। चुनाव 15 अप्रैल तक होने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि चुनाव 15 अप्रैल से पहले, उस दिन या उसके बाद भी हो सकते हैं। पटेल ने कहा, सरकार आज भी चुनाव कराने को तैयार है। चुनाव कराने की सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि ओबीसी वर्ग को आरक्षण देना है, तो कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद ही चुनाव संभव हो पाएंगे। वहीं, बिना आरक्षण के चुनाव कराने के लिए उन्होंने कांग्रेस को अपना सार्वजनिक स्टैंड साफ करने की चुनौती दी।

विपक्ष द्वारा एमओयू के दस्तावेज नहीं देने के आरोपों का खंडन करते हुए पटेल ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के 35 लाख करोड़ के एमओयू में से आठ लाख करोड़ से अधिक के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं और सभी दस्तावेज पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं। मंत्री ने कांग्रेस पर भारी गुटबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस दल ने अपने ही नेता प्रतिपक्ष को तीन बार विधानसभा में बोलने से रोका। पटेल ने बताया कि मौजूदा सरकार ने इस सत्र में 37 महत्वपूर्ण बिल पारित किए हैं, जिनमें डिस्टर्ब एरिया, धर्मांतरण, कोचिंग और कुएं से पानी निकालने जैसे अहम बिल शामिल हैं। सत्ता पक्ष का फ्लोर मैनेजमेंट पूर्ण रूप से सफल रहा, जबकि विपक्ष बिखरा हुआ था।

- **जोधपुर पहुंचे मंत्री जोगाराम पटेल ने राइजिंग राजस्थान के एमओयू, विपक्ष की गुटबाजी, नदियों के प्रदूषण और शिक्षक भर्ती परिणामों जैसे मुद्दों पर बात रखी**
- **पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कमर्शियल गैस पर पड़े प्रभाव पर पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है, कालाबाजारी रोकने और सिलेंडर की आपूर्ति बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव बैठकें कर रहे हैं**

नदियों के प्रदूषण के मुद्दे पर पटेल ने कहा कि सरकार पूरी तरह सजग और चिंतित है। उन्होंने बताया कि बांडी, लूणी और जोजरी नदियों में प्रदूषित पानी न बहे, इसके लिए पिछले बजट में 172 करोड़ रुपये दिए गए थे। इस बार साठ करोड़ रुपए की राशि डीपीआर बनाने के लिए दी गई है। इसके तहत पाइपलाइन के माध्यम से प्रदूषित पानी को रिफाइनरी ले जाकर साफ किया जाएगा और फिर उसे नदियों में छोड़ा जाएगा या अन्य उपयोग में लिया जाएगा। शिक्षक भर्ती 2024 के परिणामों में देरी पर मंत्री ने बताया कि ज्यादातर परिणाम जारी हो चुके हैं। उन्होंने देरी का कारण बताते हुए कहा कि जो अभ्यर्थी यूपी या एमपी जैसी बाहरी यूनिवर्सिटी से डिग्री लेकर आए हैं, उनके दस्तावेजों के वेरिफिकेशन में समय लग रहा है क्योंकि वहां से सहयोग नहीं मिलता है। वहीं, पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कमर्शियल गैस पर पड़े प्रभाव पर पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। कालाबाजारी रोकने और सिलेंडर की आपूर्ति बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव लगातार बैठकें कर रहे हैं।

छप्परपोश मकान में आग लगी, एक जने की मौत

बयाना, (निसं)। बयाना थाना क्षेत्र के गांव शेरगढ़ में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। शॉर्ट सर्किट के कारण एक छप्परपोश मकान में अचानक भीषण आग लग गई, जिसमें मकान मालिक 50 वर्षीय भगवान सिंह गुर्जर की जलकर मौत हो गई।

ग्रामीणों के अनुसार बीती रात करीब 10:30 बजे चीख-पुकार की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर जब लोग अपने घरों से बाहर निकले तो देखा कि भगवान सिंह के छप्परपोश मकान में आग की तेज लपटें उठ रही थी। उस समय भगवान सिंह अंदर खाट पर सो रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि कोई तुरंत अंदर नहीं जा सका। लोगों ने मिट्टी और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीण गीले कंबल और रजाइयों की मदद से अंदर पहुंचे और भगवान सिंह को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत बयाना उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाधिकारी रामगिलास गुर्जर ने बताया कि मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

कार्यालय अधिशाषी अभियंता,
सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-फागी

बीसलपुर परियोजना कैम्पस के पास, फागी समेलिया रोड, फागी, जयपुर
ई-मेल-xenpwdphagi@rediffmail.com, Phone No. 01430-299106

क्रमांक :- स्था. / खण्ड/फागी/2025-26/डी-896 दिनांक : 10.03.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 30/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A. Additional Performance Security. (1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before execution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass, Demand Draft, Banker's Cheque, Government Securities or Bank Guarantee.)

निविदा का कार्य	Special Repair to Road Work under PWD Dn. Phagi, Jaipur (7 Nos)
कुल राशि (रूपयों में)	225.00 लाख
कुल धरोहर राशि (रूपयों में)	अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत / 0.50 प्रतिशत
निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की तारीख	गुरूवार, 12 मार्च, 2026 अपराहन 3.00 बजे से सोमवार, 16 मार्च, 2026 सायंः 6.00 बजे तक
निविदा जमा कराने की तारीख	गुरूवार, 12 मार्च, 2026 अपराहन 3.00 बजे से सोमवार, 16 मार्च, 2026 सायंः 6.00 बजे तक
निविदा खोलने की तारीख	मंगलवार, 17 मार्च, 2026 को प्रातः 11.00 बजे
प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया	वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6 (5) / वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 ऑफिस आई.डी. 42219

UBN No: PWD2526WSOB25370, PWD2526WSOB25371, PWD2526WSOB25372, PWD2526WSOB25373, PWD2526WSOB25374, PWD2526WSOB25375, PWD2526WSOB25376
NIB No.: PWD2526A6089

(संदीप टाटीवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड-फागी (जयपुर)

DIPR/C/5402/2026